**दिनांक 24.04.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह- आवासीय भवन के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थितिः-**

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह- आवासीय भवन के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - ₹30,74,17,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹22,19,73,700/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1112 (नि0) अनु0 दिनांक-13.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 22,12,31,566/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 25,24,36,620/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-21502(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-08.01.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 19.01.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 29.01.2026 / 30.01.2026 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 12.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 13.02.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - |

(1) बाबा गौसगीर कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, भभुआ कैमूर (Reg. No.- 1220067, Class-I, BCD)।
(2) बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोनापुर, नवादा (Reg. No.- 1210084, Class-I, BCD, Bihar)।
(3) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I, BCD)।
(4) प्रमोद कुमार सिंह, कधौना वजिरगंज, गया जी (Reg. No.- 34, Class-I, IDA)।
(5) मे0 एस0के0 इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे0वी0), फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.- 1240078, Class-I, BCD) एवं (Reg. No.- 1240133, Class-I, BCD)।
(6) प्रसाद कंसट्रक्न एण्ड को0, लीला मोहन निवास बिहार शरीफ, नालन्दा (Reg. No.- 1210110, Class-I, BCD)।
(7) एन0एन0टी0 डेवलपर्स लि0, कंकड़बाग, पटना (Reg. No.- 1250260, Class-I, BCD)।
(8) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I, RCD)।

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं सभी निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति/असहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 24.02.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे शामिल कुल आठ निविदाकार मे से सात निविदाकार को सफल एवं एक निविदाकार को असफल किया गया। जो इस प्रकार हैः-

**सफल निविदाकारः-**

(1) बाबा गौसगीर कंसट्रक्सन प्रा० लि०, भभुआ कैमूर (Reg. No.- 1220067, Class-I, BCD)।
(2) बिपिन बिल्डटेक प्रा० लि०, गोनापुर, नवादा (Reg. No.- 1210084, Class-I, BCD, Bihar)।
(3) मे० सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I, BCD)।
(4) प्रमोद कुमार सिंह, कधौना वजिरगंज, गया जी (Reg. No.- 34, Class-I, IDA)।
(5) प्रसाद कंसट्रक्न एण्ड को०, लीला मोहन निवास बिहार शरीफ, नालन्दा (Reg. No.- 1210110, Class-I, BCD)।
(6) एन०एन०टी० डेवलपर्स लि०, कंकड़बाग, पटना (Reg. No.- 1250260, Class-I, BCD)।
(7) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा० लि०, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I, RCD)।

**असफल निविदाकारः-**

(8) मे० एस०के० इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे०वी०), फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.-1240078, Class-I, BCD) एवं (Reg. No.- 1240133, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से ई०एम०डी० उपलब्ध कराया गया है, परंतु यह Account JV का है या नहीं उक्त के संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया। अतः पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक-8131(एस०) नि०, पटना दिनांक-24.03.2012 की कंडिका-1.8 के आलोक में इन्हें **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

तकनीकी समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक-02.03.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

13 **प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

| निविदाकार द्वारा दिया गया आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय |
|---|---|
| (1) निविदाकार मे० एस०के० इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे०वी०), फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.-1240078, Class-I, BCD) एवं (Reg. No.- 1240133, Class-I, BCD) के पत्रांक-शून्य दिनांक-27.02.2026 को पत्र के माध्यम से आपत्ति दिया गया है किः- हमारे द्वारा मे० एस०के० इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे०वी०) के रूप अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा सूचना संख्या-19 (SBD)/ | उक्त आपत्ति के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदाकार मे० एस०के० इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे०वी०), फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.-1240078, Class-I, BCD) एवं (Reg. No.- 1240133, Class-I, BCD) के द्वारा दिये गये आपत्ति के आलोक में समिति द्वारा निविदा में अपलोड किये गये |

Nawada/2025-26 के आलोक में ''नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय-सह- आवासीय भवन के निर्माण कार्य (विद्युतीकरण, अग्निशमन, फर्निचर कार्य सहित)'' से संबंधित कार्य में निविदा की सभी शर्त्तो को पूरा करते हुए निविदा में भाग लिया था।

अचानक दिनांक-25.02.2026 को विभागीय वेव साईट एवं ईमेल द्वारा हमें जानकारी मिली कि आपकी अध्यक्षता में दिनांक-24.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में हमें वर्णित कार्य की तकनीकी निविदा में मनमाने तरीके से निविदा शर्त्तो के विपरीत जाकर नॉन-रिसपॉसिव कर दिया गया है जो किसी भी तरह से स्वीकार योग्य एवं न्यायोचित नही है आपकी अध्यक्षता में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा यह कहा गया कि मे0 एस0के0 इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे0वी0) फलवारी शरीफ, पटना के (Reg. No.-1240078, Class-I, BCD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा ऑनलाईन के माध्यम से ई0एम0डी0 उपलब्ध कराया गया है, परंतु यह Account JV का है या नहीं उक्त के संबंध में कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाया गया अतः पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक-8131(एस0) नि0 पटना दिनांक-24.03.2012 की कंडिका-1.8 के आलोक में इन्हें नॉन-रिसपॉसिव पाया गया।

जब हमने वर्णित पत्रांक-8131(एस0) नि0 पटना दिनांक-24.03.2012 की कंडिका-1.8 का अवलोकन किया तो पाया कि इसके अनुसार "The bank guarantee/other suitable instrument in shape of bid security shall be issued in the name of JV and pledged in favour of employer. वर्णित कंडिका के अवलोकन से यह स्पष्ट यह कि यह उस स्थिती में लागू होगा जहॉ संवेदकों द्वारा EMD के लिए बैंक गारंटी उपलब्ध कराया गया है या अन्य कोई instuments जैसे कि NSC, Kisan Vikas Patra या पोस्ट ऑफिस का टर्म डिपॉजिट प्लान उपलब्ध कराया गया है लेकिन जहॉ EMD की राशि निविदा आमंत्रण सूचना की कंडिका 25 के आलोक में ऑनलाईन विधि से विभागीय खाता में समर्पित की गयी है वैसी स्थिति में कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नवादा के कागजातों का पुनः जॉच किया गया, जॉचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा उपलब्ध कराये EMD Online के माध्यम से दिया गया है, जिसका Payment Receive Status Slip उपलब्ध कराया गया है।

उक्त Payment Receive Status Slip में Request ID, Transection No, Amount, Bank Ref. No, Currency and Payment Status वर्णित है।

अतः Payment Receive Status Slip में वर्णित तथ्यों से यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि निविदाकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी EMD के आलोक में Payment Joint Venture Account से है या नहीं?

अतः उक्त के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होने के कारण पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक-8131(एस0) नि0, पटना दिनांक-24.03.2012 की कंडिका-1.8 "The bank guarantee/other suitable instrument in shape of bid security shall be issued in the name of JV and pledged in favour of employer". के आलोक में इन्हें ''नॉन-रिसपॉन्सिव'' किया गया है।

निविदाकार द्वारा दिये गये आपत्ति के साथ भी इस संबंध में किसी प्रकार का साक्ष्य या दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है।

अतः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निविदाकार मे0 एस0के0 इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे0वी0), फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.-1240078, Class-I, BCD) के द्वारा दिये गये आपत्ति को अमान्य किया गया।

| | |
|---|---|
| नाम से प्रतिज्ञिप्त हो ही नही सकता है क्योंकि यहॉ कोई instuments नही होता है ऐसी परिस्थिति में हमारे मामले में वर्णित कंडिका-108 लागू नहीं होगी। आपके निविदा समिति के द्वारा लिये गये निर्णय में यह स्वीकार किया गया है कि हमारे द्वारा ऑनलाईन माध्यम से ई0एम0डी0 उपलब्ध कराया गया है लेकिन आपके निविदा समिति द्वारा कंडिका-1.8 के आधार पर यह कहते हुए हमारी तकनीकी निविदा को नॉन-रिसपॉसिव किया गया कि हमारे द्वारा किसके एकाउन्ट से ई0एम0डी0 जमा कराया गया इसका कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं है, जोकि किसी भी तरह से स्वीकार योग्य नहीं है क्योंकि निविदा आमंत्रण सूचना की कंडिका 25 के प्रारंभ में ही कहा गया है कि ''मात्र ऑनलाईन तिथि से समर्पित EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जायेगे'' पूरे निविदा आमंत्रण सूचना एवं आई0टी0बी0 में ऐसी कोई शर्त्त नहीं है कि EMD की राशि Joint Venture के खाते से ही जमा किये जायेगें ऐसी परिस्थिति में वर्णित आधार पर हमारी तकनीकी निविदा को नॉन-रिसपॉसिव करना किसी भी तरह से सही एवं न्यायोचित निर्णय नहीं माना जा सकता है।<br>यहॉ यह भी उल्लेखनीय है, कि मेरी तकनीकी निविदा में पर्याप्त EMD निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका 25 के आलोक में संलग्न है यह तथ्य निविदा निर्णय में ही स्वीकार किया जा चुका है। बिहार P.W.D की नियम 161 के आलोक में भी बिना अग्रधन की राशि जमा किये निविदा पर विचार नहीं किया जा सकता है लेकिन हमारे मामलें में निविदा आमंत्रण सूचना की कंडिका 25 ऑनलाईन विधि से EMD (₹35,24,400/-) जमा करने के पश्चात् भी निविदा शर्त्तो के विरूद्ध जाकर हमारी तकनीकी निविदा को नॉन-रिसपॉसिव घोषित कर दिया गया. जो सही निर्णय नहीं कहा जा सकता है।<br>अतः वर्णित तथ्यों के आलोक में श्रीमान् से हमारा अनुरोध है कि हमारे मामले में पुनर्निविचार करते हुए हमारी तकनीकी निविदा को सफल घोषित करते हुए अन्य सफल संवेदकों के साथ हमारी भी वित्तीय बीड को खोलकर वर्णित निविदा का निस्तार नियमानुकूल करने की कृपा की जाय इसके लिए मैं सदा आपका अभारी रहूँगा। | |

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय पर निविदाकार द्वारा आपत्ति के आलोक में मुख्य अभियंता (द0) के पत्रांक-849 दिनांक-17.03.2026 द्वारा EMD का Payment J.V Account के माध्यम से किया गया है अथवा किसी Lead/Co-Partner के Account से, उक्त के संदर्भ मे साक्ष्य सहित प्रतिवेदन की मांग की गयी थी जिसके आलोक में निविदाकार द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "हमारे द्वारा दिये गये परिवाद दिनांक-27.02.2026 का पुनः अवलोकन करने की कृपा की जाय जिसमें हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि निविदा आमंत्रण सूचना की कंडिका-25 में ही कहा गया है कि मात्र ऑनलाईन विधि से समर्पित EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जायेंगे....... पूरे निविदा आमंत्रण सूचना एवं आई0टी0बी0 में ऐसी कोई शर्त्त नहीं है कि EMD की राशि Joint Venture के खाते से ही जमा किये जायेंगे ऐसी परिस्थिति में वर्णित आधार पर हमारी तकनीकी निविदा को नॉन-रिसपॉसिव करना किसी भी तरह से सही एवं न्यायोचित निर्णय नही माना जा सकता है।

इसके बावजूद भी आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा यह स्वीकार करने के पश्चात् कि हमारे द्वारा वांछित EMD की राशि निविदा के साथ संलग्न किया गया है तथा इससे संबंधित Payment Received Status भी निविदा के साथ अपलोड किया गया है आपके द्वारा मुझसे यह मॉग की जा रही है कि ......यह सुनिश्चित करें। कि यह EMD का Payment J.V Account के माध्यम से किया गया है अथवा किसी Lead/Co-Partner के Account से......

इस मामलें में हमें पुनः कहना है कि प्रसांगिक पत्र के अवलोकन से हमें यह आभास हो रहा है कि हमारे प्रति द्वेष भावना से प्रेरित होकर इस प्रकार की मॉग की जा रही है ताकि हमारे वैलिड निविदा को येन-प्रकेन असफल घोषित कर दिया जाय क्योंकि निविदा में वांछित राशि की EMD देना ही आवश्यक शर्त्त थी जो कि निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका 25 के आलोक में हमारे द्वारा प्रर्याप्त राशि का अग्रधन वर्णित निविदा में ऑन लाईन माध्यम से जमा किया है"।

निविदाकार द्वारा प्रतिवेदित दस्तावेजों से यह पता नहीं किया जा सकता कि EMD हेतु Payment J.V Account के माध्यम से किया गया है अथवा किसी Lead/Co-Partner के Account से।

अतः उक्त वर्णित स्थिति में निविदाकार, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक-8131(एस0) नि0 पटना दिनांक-24.03.2012 की कंडिका-1.8 "The bank guarantee/other suitable instrument in shape of bid security shall be issued in the name of JV and pledged in favour of employer". के अर्ह्ता को पुरा नहीं करता है।

अतः आठ निविदाकार में से सात निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) बाबा गौसगीर कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, भभुआ कैमूर (Reg. No.- 1220067, Class-I, BCD) (2) बिपिन बिल्डटेक प्रा0 लि0, गोनापुर, नवादा (Reg. No.- 1210084, Class-I, BCD, Bihar) (3) मे0 सुरेन्द्र प्रसाद एण्ड कंपनी, आनन्दपुर, कादिरगुंज, नवादा (Reg. No.- 1220042, Class-I, BCD) (4) प्रमोद कुमार सिंह, कधौना वजिरगंज, गया जी (Reg. No.- 34, Class-I, IDA) (5) प्रसाद कंसट्रक्न एण्ड को0, लीला मोहन निवास बिहार शरीफ, नालन्दा (Reg. No.- 1210110, Class-I, BCD) (6) एन0एन0टी0 डेवलपर्स लि0, कंकड़बाग, पटना (Reg. No.- 1250260, Class-I, BCD) (7) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I, RCD) को **सफल** एवं (8) मे0 एस0के0 इन्टरप्राईजेज एण्ड अरविन्द प्रसाद (जे0वी0), फुलवारी शरीफ, पटना (Reg. No.-1240078, Class-I, BCD) एवं (Reg. No.- 1240133, Class-I, BCD) को **असफल** घोषित करते हुए सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोले जाने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|---|
| **(विकास कुमार पाण्डेय)**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(मनोज कुमार सिंह)**<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | **(कुमार रवि)**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्राक्-03-86/2025...1112 S...  पटना/दिनांक...24/04/26...

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/04/26

मुख्य अभियंता (द0)।

9
24.04.2026